<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**05 सितंबर** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- देश के पहले पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का हुआ सफल प्रक्षेपण। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र की बढ़ती क्षमताओं को दर्शाती है यह सफलता।
- प्रदेश भर में आज मनाया जा रहा है शिक्षक दिवस। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विभिन्न जिलों से चयनित इक्यासी शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार से करेंगे सम्मानित।
- आस्था और उल्लास के साथ राज्य भर में मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव।
- भारी बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश के छब्बीस जिले बाढ़ से प्रभावित। राहत और बचाव कार्य जारी।

**********

भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने कल श्रीहरिकोटा से जी.एस.एल.वी– एफ–सेवेंटीन रॉकेट के माध्यम से देश के पहले पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ई.ओ.एस–जीरो फाइव का सफल प्रक्षेपण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उपलब्धि पर कहा कि यह राष्ट्र के लिए गर्व का क्षण है और यह सफलता भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र की उत्कृष्टता, नवाचार और बढ़ती क्षमताओं को दर्शाती है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफलता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि ईओएस–जीरो फाइव भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की बढ़ती आधुनिकता को भी दर्शाता है। इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा कि यह मिशन भारत की पृथ्वी अवलोकन क्षमताओं को और मजबूत करेगा।

***मुझे यह घोषणा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि जी.एस.एल.वी–एफ17 वाहन ने उन्नत पृथ्वी अवलोकन उपग्रह 05 को सफलतापूर्वक और सटीक रूप से उसकी निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया है। और, हमने इस प्रक्षेपण वाहन का उपयोग करके सबसे भारी उपग्रह को स्थापित किया है। एक बार पृथ्वी अवलोकन उपग्रह 05 के चालू हो जाने के बाद, यह भू–कक्षा से भारत का पहला समर्पित इमेजिंग उपग्रह बन जाएगा, जो हमारे देश के लिए महत्वपूर्ण रणनीतिक डेटा प्रदान करेगा।***

**********

प्रदेश भर में आज शिक्षक दिवस मनाया जा रहा है। हर साल पांच सितम्बर को देश के दूसरे राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर के गुरु गम्भीरनाथ प्रेक्षागृह में प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित इक्यासी शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार और मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। राज्य स्तरीय इन पुरस्कारों के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के इक्कसठ और माध्यमिक शिक्षा विभाग के बीस शिक्षकों का चयन किया गया है।

**********

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कल प्रदेश भर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में भव्य उत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें लाखों की संख्या में देश–विदेश से श्रद्धालु शामिल हुए। मध्य रात्रि में भगवान कृष्ण का अभिषेक हुआ। जन्माष्टमी पर पहली बार पांच सौ ड्रोन के जरिए आसमान में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और उनकी विभिन्न लीलाओं को जीवंत किया गया। वहीं, काशी विश्वनाथ धाम सहित विभिन्न शहरों के कई मंदिरों में धूमधाम से जन्माष्टमी का आयोजन किया गया।

**********

जन्माष्टमी के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर परिसर में भगवान श्रीकृष्ण का दर्शन और पूजन किया। इस मौके पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि हजारों साल पहले भगवान श्रीकृष्ण का जन्म इस पावन धरती पर हुआ था, उनकी शिक्षाएं और संदेश आज भी मानवता के लिये प्रासंगिक और महत्वपूर्ण है। श्री योगी ने धार्मिक महत्व की जगहों को पुर्नस्थापित और विकसित करने के सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि ब्रज तीर्थ विकास परिषद ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने के क्रम में मथुरा और वृंदावन के विकास पर लगातार काम कर रही है।

***ब्रज तीर्थ विकास परिषद इस ब्रजभूमि के आध्यात्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए यहां के सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए इसे भव्य स्वरूप यहां के मान्य जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर के देने का कार्य कर रही है और हमारा प्रयास है कि मथुरा वृंदावन में भी वही भव्य परिसर तैयार हो जैसे अयोध्या में और जैसे काशी में हुआ है। यह पर्व और त्यौहार केवल एक आस्था ही नहीं यह हमारी आर्थिक के आधार भी।***

मुख्यमंत्री शाम को लखनऊ के रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस की ओर से आयोजित सांस्कृतिक धरोहर के उत्सव में भी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के संदेश का जिक्र करते हुए सभी से कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने और विकसित भारत बनाने की दिशा में योगदान करने का आह्वान किया ।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन अन्याय के विरूद्ध संघर्ष करते हुए धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना और कर्तव्यों के निष्ठापूर्वक निर्वहन की प्रेरणा देता है। देर रात मुख्यमंत्री गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

**********

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के नये मुख्य कार्यपालक अधिकारी सेवा निवृत्त एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा ने कल ट्रस्ट के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि मंदिर का निरीक्षण और व्यवस्थाओं को समझने के बाद जल्दी ही रणनीति तैयार की जायेगी और उसके क्रियान्वयन का असर जल्दी दिखाई देने लगेगा।

**********

सिद्धार्थनगर जिले की डुमरियागंज तहसील में कल स्थानीय सांसद जगदम्बिका पाल ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत सात परिवारों को सहायता राशि का चेक सौंपा। इस अवसर पर श्री पाल ने कहा कि केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है और उनके हित के लिये कई योजनाएं चला रही है।

**********

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि नेपाल में आई बाढ़ के बाद अब तक एक सौ छाछठ भारतीय नागरिकों को बचाया गया है। नई दिल्ली में कल विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने संवाददाताओं को बताया कि दो सौ पचहत्तर भारतीय नागरिक अब भी लापता हैं। उन्होंने कहा कि भारत, नेपाल में पुर्ननिर्माण और राहत कार्यों में लगातार सहयोग कर रहा है।

***हमने नेपाल सरकार और वहां की जनता के प्रति अपनी एकजुटता और समर्थन व्यक्त किया है। एक करीबी मित्र और साझेदार के रूप में, भारत ने तुरंत सहायता पहुंचाई और हम नेपाल के पुनर्निर्माण और राहत के प्रयासों में लगातार सहयोग करते रहेंगे।***

श्री जायसवाल ने कहा कि मंत्रालय बचाए गए भारतीयों के नाम नियमित रूप से जारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक हजार नौ सौ सात भारतीय नागरिक सुरक्षित हैं और चीन से नेपाल पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि चीन के तिब्बती स्वायत्त क्षेत्र में कोई भी भारतीय यात्री फंसा नहीं है। श्री जायसवाल ने कहा कि आने वाले दिनों में भारत नेपाल सरकार के अनुरोध पर और अधिक फोरेंसिक किट, बेली ब्रिज और अन्य सामग्री भेजने की योजना बना रहा है।

**********

भारी बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश के छब्बीस जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव के कार्य बड़े पैमाने पर किए जा रहे हैं। एक रिपोर्ट–

***राज्य में अयोध्या, वाराणसी, आजमगढ़, बलिया, गोरखपुर, लखीमपुर खीरी, चित्रकूट और बाराबंकी सहित 26 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बाढ़ग्रस्त इलाकों में राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है। बाढ़ राहत आयुक्त के मुताबिक लगभग साढ़े तीन लाख से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित होने के बावजूद राहत और बचाव तंत्र की सक्रियता से लगभग 72 हजार बाढ़ राहत किट और साढ़े तीन लाख से अधिक प्रभावितों को लंच पैकेट वितरित किये जा चुके हैं। इसके अलावा 17 हजार से अधिक लोगों को बाढ़ शरणालयों सहित सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। राहत से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं तक व्यापक इंतजाम किये गये हैं। इस बीच मौसम विभाग ने कल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। सुशील चन्द्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।***

**********

प्रदेश में होमगार्ड के इकतालीस हजार चार सौ चौबीस पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया के तहत आयोजित होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा अब चौदह सितम्बर से आयोजित की जायेगी। पहले यह परीक्षा पांच सितम्बर से प्रस्तावित थी। प्रदेश में हो रही बारिश के कारण अभ्यर्थियों की सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर यह बदलाव किया गया है।

**********